

ब्यावर मगरा क्षेत्र... पेज 2

आपकी खबरों का संसार...

RNI No.-RJHIN/2015/63826

# अतुल्य संसार

संस्करणः जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस... पेज 3


वर्षः 10 | अंकः 340 | जयपुर, शनिवार 20 जून, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4


# गहलोत बोले- किरोड़ी रिश्वत-मामले में लिप्त या एसीबी फंसा रही?ःडोटासरा ने कहा- दूसरों पर कीचड़ उछालने वाले कृषि मंत्री किस डर से इतना तिलमिला रहे

**जयपुर।** कृषि मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा के जयपुर में एसीबी मुख्यालय पहुंचकर खुद को बदनाम करने और जांच एजेंसी की भूमिका पर सवाल उठाने के मामले में अब कांग्रेस ने तंज कसा है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने किरोड़ी के बयान पर तंज कसते हुए इसे बीजेपी की अंदरूनी कलह से जोड़ा है। दोनों नेताओं ने सीएम से पूरे मामले में रुख साफ करने को कहा है। गहलोत ने एक्स पर लिखा- कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की शुक्रवार को ACB मुख्यालय में की गई प्रेस वार्ता ने भाजपा सरकार की आपसी कलह को उजागर कर दिया। कृषि मंत्री ने ACB पर सीधे उन्हें किसी दबाव में आकर फंसाने के आरोप लगाए हैं। कृषि मंत्री ने ष्टक्च को पॉलिटिकल वैपन यानी राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।







## क्या कृषि मंत्री सीधे मुख्यमंत्री पर उन्हें फंसाने का आरोप लगा रहे हैं?

गहलोत ने लिखा- ACB सीधे मुख्यमंत्री के अधीन है। क्या कृषि मंत्री सीधे मुख्यमंत्री पर उन्हें फंसाने का आरोप लगा रहे हैं? अब जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की है कि वह सच्चाई बताएं कि कृषि मंत्री इस रिश्वत प्रकरण में लिप्त हैं या मुख्यमंत्री के अधीन ACB उन्हें फंसा रही है?

## डोटासरा का तंज- अपनी बारी आने पर एसीबी को कठघरे में खड़ा कर रहे

डोटासरा ने लिखा- राजस्थान में करोड़ों के खाद-बीज रिश्वतकांड में कृषि मंत्री के करीबी करोड़ों रुपए के साथ पकड़े गए। अब गिरफ्तारी की आंच अपने दरवाजे तक पहुंचती देख कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मुख्यमंत्री को ही लक्ष्मण रेखा यानी अपनी हद में रहने की धमकी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री के अधीन एजेंसी ACB को पॉलिटिकल वेपन बताकर खुद को फंसाने की साजिश का आरोप लगा रहे हैं। डोटासरा ने लिखा- आखिर कृषि मंत्री किस डर से इतना तिलमिला रहे हैं? कल तक जो दूसरों पर कीचड़ उछालते थे, आज अपनी बारी आने पर व्यवस्था, एजेंसियों और मुख्यमंत्री तक को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं।

## जनता ये तमाशा नहीं, सच जानना चाहती है


डोटासरा ने लिखा- मुख्यमंत्री घबराइए मत, राजस्थान को सच्चाई बताइए। क्या आपका कैबिनेट मंत्री भ्रष्टाचार के जाल में फंसा है? क्योंकि अगर ACB राजनीतिक हथियार है, तो इसका जवाब आपको देना होगा और अगर ACB निष्पक्ष है तो फिर भ्रष्टाचारियों को जेल में डालिए। जनता ये तमाशा नहीं, सच जानना चाहती है, उजागर कीजिए।

## किरोड़ीलाल पहुंचे एसीबी मुख्यालय, बोले-दोषी हूं तो गिरफ्तार करो

**जयपुर।** कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा शुक्रवार दोपहर एसीबी मुख्यालय पहुंचे। मंत्री एसीबी में पकड़े गए बीज निगम के नामित डायरेक्टर और कृषि विभाग के कर्मचारियों के मामले में खुलकर बोले। उन्होंने कहा-'यदि मैं जांच में दोषी हूं तो मुझे गिरफ्तार किया जाए, लेकिन यदि निर्दोष हूं तो एसीबी को सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण देना चाहिए।' डॉ. किरोड़ी लाल मीणा सवा चार बजे एसीबी मुख्यालय पहुंचे और डीजी से मिलने का इंतजार करने लगे, डीजी उस वक्त मुख्यालय में नहीं थे। वहीं, पूर्व सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सीएम से पूरे मामले में रुख साफ करने की मांग की है। गहलोत ने एक्स पर लिखा- क्या कृषि मंत्री सीधे मुख्यमंत्री पर उन्हें फंसाने का आरोप लगा रहे हैं? अब जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की है कि वह सच्चाई बताएं कि कृषि मंत्री इस रिश्वत प्रकरण में लिप्त हैं या मुख्यमंत्री के अधीन एसीबी उन्हें फंसा रही है? डोटासरा ने एक्स पर लिखा- आखिर कृषि मंत्री किस डर से इतना तिलमिला रहे हैं? कल तक जो दूसरों पर कीचड़ उछालते थे, आज अपनी बारी आने पर व्यवस्था, एजेंसियों और मुख्यमंत्री तक को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं।

# रिलायंस लाएगी जियो का आईपीएओ, 27 करोड़ शेयर जारी होंगे

### अंबानी बोले- मुंबई में 410 एकड़ में वर्ल्ड क्लास कैंपस, मेडिकल सिटी और वनतारा यूनिवर्सिटी बनाएंगे



**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की 49वीं सालाना बैठक, यानी AGM शुक्रवार, 19 जून को हुई। कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने करीब 44 लाख शेयरहोल्डर्स को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कंपनी यूरोप और अफ्रीका के मार्केट में एंट्री कर रही है। वहीं, कंपनी जियो का IPO भी लाने जा रही है। अंबानी बताया कि 19 जून को ही SEBI के पास जियो IPO के दस्तावेज जमा कर दिए गए हैं। जियो के 27 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे। हालांकि शेयरों की कीमत क्या रहेगी, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं दी गई है। इसके अलावा रिलायंस फाउंडेशन मुंबई में एक बड़ी अर्बन ग्रीन सेंक्चुरी का प्रोजेक्ट 'कोस्टल गार्डन' के नाम से लाएगा। मुंबई में ही करीब 410 एकड़ में वर्ल्ड क्लास यूनिवर्सिटी बनाने के प्रोजेक्ट को भी महाराष्ट्र सरकार की मंजूरी मिल गई है। वहीं, वनतारा यूनिवर्सिटी की शुरुआत भी की जा रही है, जहां वन्यजीव संरक्षण और जानवरों की चिकित्सा के लिए विशेषज्ञ स्तर की शिक्षा मिलेगी।

# चांदी 9,209 गिरकर 2.31 लाख पर आई

### इस महीने अब तक 32 हजार रुपए सस्ती हुई; सोने की कीमत आज 3,152 कम हुई



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज, 19 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 9,209 रुपए गिरकर 2.31 लाख रुपए पर आ गई। इससे पहले इसकी कीमत 2.40 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,152 रुपए गिरकर 1.45 लाख रुपए पर आ गया है। एक दिन पहले इसकी कीमत 1.48 रुपए थी। इस महीने 19 दिन में सोना 11 हजार रुपए और चांदी 32 हजार रुपए सस्ती हुई है।

## सोने-चांदी के दाम में गिरावट की वजह

**यूएस-ईरान समझौताः** अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम समझौता साइन हुआ है। इसकी वजह से पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा कम हो गया, जिससे निवेशकों ने सोने-चांदी जैसे सुरक्षित निवेश से अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया।

**यूएस फेडरल रिजर्व का रुखः** फेडरल रिजर्व ने हाल ही में संकेत दिए हैं कि वह इस साल ब्याज दरों में कटौती करने के बजाय उन्हें बढ़ा सकता है। ब्याज दरें बढ़ने की उम्मीद से सोने जैसी बिना ब्याज वाली धातु की चमक कम हो जाती है।

**मजबूत अमेरिकी डॉलरः** फेडरल रिजर्व के संकेतों के बाद वैश्विक बाजार में अमेरिकी डॉलर इंडेक्स मजबूत हुआ है।

# चढ़ावा चोरी मामले के बीच योगी राम मंदिर पहुंचे

## अयोध्या में कहा- अपराधी कोई हो, नहीं बचेगा, 500 साल इंतजार किया, 15 दिन और कर लीजिए

**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच सीएम योगी शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद राम मंदिर पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। वहीं इस दौरान चंपत राय योगी के कार्यक्रम से दूर रहे। वो राम जन्मभूमि से 4 किमी दूर कारसेवकपुरम में थे। इससे पहले, योगी ने कहा- विपक्ष के लोग राम का नारा लगाने पर गोली चलवाते थे। इनके दोगले चरित्र को तो देखिए। राम मंदिर बन न पाए, इसके लिए कांग्रेस ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था। सुप्रीम कोर्ट में बेशर्मी के साथ कहा था कि राम तो हुए ही नहीं। वही कांग्रेस आज अयोध्या पर बहुत मचल रही। योगी ने जनसभा में कहा-सपा के दोहरे चरित्र को देखो, कहती है कि राम भक्तों का अपमान हुआ है। कारसेवकों और रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले लोग उपदेश देने चले हैं। हमने ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी जांच बैठाई। एसआईटी दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगी। मैं सभी से कहूंगा कि कोई भी अनर्गल टिप्पणी न करें, जो रामभक्तों को आहत करे। योगी ने कहा- अगर किसी के पास कोई प्रूफ है तो उसे एसआईटी को दे दें। रामभक्तों से अपील है कि प्रभु श्रीराम ने मर्यादा का पाठ पढ़ाया है। 500 वर्षों तक राम मंदिर के लिए संघर्ष किया। 15 दिन और देख लो, इंतजार कर लो। अयोध्या को बदनाम करने वालों के बहकावे में न आएं। धाम को बदनाम न करें। अपराधी कोई भी होगा, वह बचेगा नहीं, यह तय है।



### सपा प्रमुख और पूर्व मंत्री ने चोरी का मुद्दा उठाया था

सपा सरकार में मंत्री रह चुके पवन पांडेय ने रविवार 7 जून को दावा किया था कि राम मंदिर से 5 से साढ़े 7 करोड़ रुपए तक की चोरी की गई। अखिलेश ने भी कहा था कि मामले पर सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। कोर्ट को मामला देखना चाहिए। चंपत राय ने सफाई दी थी कि अभी तक ऐसी कोई भी बात सामने नहीं आई है। विवाद बढ़ा तो भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने 9 जून को प्रधानमंत्री को लेटर लिखकर CBI जांच की मांग की। अगले दिन यानी 10 जून को प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंदिर ट्रस्ट से मामले की रिपोर्ट मांग ली। चढ़ावा चोरी मामले में अब तक 5 लोगों- लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रामशंकर उर्फ टिन्नू के नाम सामने आए हैं। इन लोगों की निशानदेही पर अब तक 2 करोड़ रुपए की रिकवरी हुई है। ये सभी दान राशि की गिनती की ड्यूटी से जुड़े हैं। मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के घर से 13 जून को सोना मिला। हालांकि, सोना कितना है, यह अभी कन्फर्म नहीं है।

### SIT ने 4 दिन में किससे पूछताछ की, जानिए-

**पहला दिन-** SIT ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और आमंत्रित सदस्य गोपाल राव से जानकारी ली। चोरी के मामले में जिन कर्मचारियों पर शक है, उन्हें ट्रस्ट के एक कमरे में बैठाया गया था। ऐसे करीब 8 से 10 कर्मचारी थे। इन लोगों से करीब 6 घंटे पूछताछ की गई।

**दूसरा दिन-** टीम ने चंपत राय और गोपाल राव से चार-चार घंटे तक सवाल-जवाब किए।

**तीसरा दिन-** जांच टीम ने बैंक अधिकारियों और नोटों की गिनती से जुड़ी निजी एजेंसी के प्रतिनिधियों से पूछताछ की। इस दौरान बैंक स्टेटमेंट और वित्तीय रिकॉर्ड की भी पड़ताल की गई।

**चौथे दिन-** टीम करीब 10 घंटे तक मंदिर परिसर में रही। ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र से करीब 4 घंटे तक पूछताछ की। अनिल मिश्र से राम मंदिर दान की रकम की गिनती और रख-रखाव समेत इसे बैंक में जमा करने की प्रकिया जानी। इसमें उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से समझा। अनुकल्प मिश्र और लवकुश मिश्र आदि की नियुक्ति की प्रकिया और उसमें अनिल मिश्र की भूमिका को भी समझा। टीम ने टिन्नू यादव से भी डेढ़ घंटे तक पूछताछ की। अनिल के बताए गए जवाब पर टिन्नू यादव की राय लेकर क्रॉस चेक किया।

# स्लीवलेस ड्रेस पहनी, ईरानी सिंगर को 74 कोड़ों की सजा

## 2 साल तक देश छोड़ने पर भी बैन, बिना हिजाब के 2024 में गाना गाया था

**तेहरान।** ईरान की मशहूर सिंगर परस्तू अहमदी और उनके साथ काम करने वाले 8 लोगों को ऑनलाइन कॉन्सर्ट के लिए 74-74 कोड़े मारने की सजा सुनाई गई है। उन पर 2 साल तक देश छोड़ने और 2 साल तक किसी भी आर्टिस्टिक एक्टिविटीज पर रोक लगाई गई है। यह सजा ईरान के कोम प्रांत की अदालत ने यूट्यूब पर लाइव किए गए एक कॉन्सर्ट के मामले में सुनाई है। अदालत ने आर्टिस्ट पर अश्लील कंटेट पब्लिश करने और सार्वजनिक शालीनता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।



यह मामला दिसंबर 2024 का है। उस समय 29 साल की परस्तू अहमदी ने बिना हिजाब पहने यूट्यूब पर एक लाइव कॉन्सर्ट किया था। उन्होंने ईरान का लोकप्रिय देशभक्ति गीत अज खूने जवानाने वतन (मातृभूमि के युवाओं के खून से) गाया था। इस दौरान वह बिना हिजाब और स्लीवलेस ड्रेस में थीं। कॉन्सर्ट का वीडियो कुछ ही समय में वायरल हो गया। यूट्यूब पर इसे लाखों लोगों ने देखा। वीडियो जारी होने के बाद ईरानी अधिकारियों ने परस्तू अहमदी और कई संगीतकारों को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया था। बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया, लेकिन वीडियो अपलोड करने के मामले में उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रही।

### गाने में 4 पुरुषों के साथ स्लीवेस ड्रेस में दिखीं

परस्तू अहमदी ने 27 मिनट का एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वह बिना हिजाब और स्लीवलेस ड्रेस पहनकर चार पुरुष संगीतकारों के साथ गाना गाती नजर आ रही थीं। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने इसे काल्पनिक कॉन्सर्ट बताया था। परस्तू के इस वीडियो को कई लोगों ने महिलाओं की अभिव्यक्ति की आजादी का प्रतीक बताया। ईरानी अधिकारियों ने इसे कानून के खिलाफ माना। ईरान में महिलाओं के लिए सार्वजनिक जगहों पर हिजाब पहनना अनिवार्य है। अधिकारियों ने बिना हिजाब पहनकर गाने को नियमों का उल्लंघन माना।

### पब्लिक में अकेले गाना नहीं गा सकती ईरानी महिलाएं

ईरान में महिलाओं पर कई सामाजिक प्रतिबंध हैं। कानून के अनुसार वे सार्वजनिक जगह पर अकेले गाना नहीं गा सकतीं और बिना हिजाब लोगों के सामने नहीं आ सकतीं। परस्तू अहमदी ने इन नियमों का खुलकर विरोध किया। वे पहली बार 2022 में हिजाब विरोधी प्रदर्शनों के दौरान चर्चा में आई थीं। उन पर इन प्रदर्शनों के समर्थन में गाना गाने का आरोप लगा था। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने उनसे पूछताछ की और उनके घर की तलाशी भी ली थी।

### मानवाधिकार संगठनों ने नाराजगी जताई

अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स इन ईरान की एडवोकेसी डायरेक्टर बहार घंदेहरी ने इस सजा की आलोचना की है। उनका कहना है कि सिर्फ गाना गाने और बिना हिजाब सार्वजनिक रूप से नजर आने पर 74 कोड़ों की सजा देना दिखाता है कि ईरान में मानवाधिकारों की स्थिति अब भी नहीं बदली है।

# बेनीवाल बोले-मंत्री अपने विभाग में सचिव भी नहीं बदल सकते

**सीकर।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने कहा- शेखावाटी और राजस्थान की जनता का प्यार मुझे सत्ता से दूर लेकर जा रहा है। जब भी सत्ता मेरे करीब होती है, तो इनका प्यार उमड़ पड़ता है। लोग कहते हैं- भाईसाहब, आपकी सरकार बना देंगे... आ जाओ, आंदोलन शुरू हो गया है। इसलिए मैं सत्ता से दूर हो जाता हूं, वरना मैं तो कब का ही सरकार में शामिल हो जाता (घुस जाता)। उन्होंने आगे कहा- आज राजस्थान में कई लोगों के काम मेरे नाम से हो रहे हैं। कोई कहता है कि हनुमान जी यह कर देंगे, इसलिए किसी के दो ट्रांसफर कर दिए जाते हैं, किसी को राज्यसभा में भेज दिया जाता है, तो किसी को उपराष्ट्रपति बना दिया जाता है। मेरे नाम से लोगों का भला ही हो रहा है। लेकिन अपना नुकसान मैं खुद ही कर



रहा हूं, वरना अब तक तीन-चार बार मंत्री बनकर बड़ा नेता बन गया होता। मैं मंत्रियों को नेता इसलिए नहीं मानता क्योंकि मंत्री अपने खुद के महकमे (विभाग) में सेक्रेटरी (सचिव) तक चेंज नहीं करवा सकते। राजस्थान के दो-तीन मंत्रियों की यही पीड़ा है। वे मुझे बोलते हैं कि आप उस कमरे में लड़के (छोरे) भेजकर धमकवा दो। वहीं, सरकार द्वारा उनकी सिक्योरिटी कम किए जाने के सवाल पर बेनीवाल ने कहा कि सरकार तो यही चाहती है कि मुझे कुछ हो जाए। हनुमान बेनीवाल शुक्रवार शाम को बीकानेर जाते समय सीकर में रुके थे। सीकर के सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। बेनीवाल ने कहा- आज देश में विपक्ष कहां बचा है? लोग ईडी और सीबीआई के डर से

### चुनाव में हमारी हार का कारण आर्थिक तंगी, अपना नुकसान मैं खुद ही कर रहा

कांपते हैं। यदि दोपहर में कोई नेता तेज आवाज में बयान दे देता है, तो शाम को भाजपा नेताओं से पूछता है कि %कुछ गलत तो नहीं बोला ना? अगर गलत बोला है तो वापस ठीक करवा देता हूं।% बेनीवाल ने घोषणा की कि राजस्थान में जल्द ही राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी अपना छात्र संगठन लॉन्च करेगी।विधानसभा चुनाव में हमारा रिजल्ट ज्यादा बढ़िया नहीं रहा, जिसका एक बड़ा कारण आर्थिक तंगी भी है। हमने चुनाव के लिए किसी से एक भी पैसा चंदा नहीं लिया। इसके अलावा, गलत समय पर रथयात्रा निकालना सहित कई ऐसे कारण रहे, जिनकी वजह से हम चुनाव नहीं जीत पाए। हनुमान बेनीवाल ने कहा-शेखावाटी से मेरा पुराना नाता है। छात्रसंघ चुनाव के समय से ही यहां के युवा मुझे आगे बढ़ाने में मेरे साथ रहे हैं।

## शाहपुरा में एएसआई जयराम मीणा मय जाप्ते किया बैंक का निरीक्षण



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** शाहपुरा में चोरी की वारदातों को लेकर पुलिस सतर्क हो गई है। शुक्रवार को शाहपुरा पुलिस थाना SHO रिया चौधरी के निर्देशन में ASI जयराम मीणा ने मय जाप्ते बैंक का निरीक्षण किया। इस दौरान शाहपुरा कस्बे की विभिन्न बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा। उन्होंने ने बैंक अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ग्राहकों व आमजन को साइबर ठगी से बचाव के लिए जागरूक किया। संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की।

## लोकसभा नेता प्रतिशत राहुल गांधी के जन्म दिवस पर मरीजों को फल वितरित किए



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** देश के हर वर्ग के अधिकारों एवं हितों के लिए हमेशा अपनी आवाज बुलंद करने वाले देश के युवाओं, छात्रों, किसानों और वंचित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाने वाले, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर राजकीय उप जिला अस्पताल शाहपुरा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुरा द्वारा मरीजों को फल वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी, नगर अध्यक्ष मुकेश खुडानिया, संगठन मंत्री रामेश्वर गोरेठा, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, पूर्व चेयरमैन प्रेम देवी, हस्द्ब जिला अध्यक्ष निहाल पलसानिया, पंचायती राज नगर अध्यक्ष प्रभु अटल, पाषर्द घनश्याम सैनी, सुभाष भडाणा, राजेंद्र शर्मा, लोकेश सामोता, मनजीत खटाना, अर्जुन सैनी, अशोक अटल समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्यावर (मगरा क्षेत्र): अरावली की वादियों से उठी सामाजिक समरसता की एक अद्भुत गूंज!


● अतुल्य संसार नेटवर्क

अपने लिए तो हर इंसान जीता है, लेकिन जो दूसरों के लिए जिए... असल में जिंदगी उसी का नाम है। इस कहावत को ब्यावर के रायपुर तहसील (कोट किराना पंचायत) के अरावली पर्वत श्रृंखला में बसे देवावत वंशज परिवार और यहाँ के दानवीरों ने सच कर दिखाया है। मगरा क्षेत्र के इन फरिश्तों ने निस्वार्थ भाव से लगातार सालों से जरूरतमंद, बेसहारा और अनाथ बेटियों के हाथ पीले कर मानवता की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसे इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा।

### सामूहिक विवाह: एकजुटता से एकल भामाशाहों का सफर

**अद्भुत मिसाल:** साल 2019, 2020 और 2021 में देवावत वंशज परिवार की एकजुटता ने सामूहिक विवाह सम्मेलनों की शुरुआत की। एक ही छत के नीचे सैकड़ों कन्याओं का विवाह कराकर समाज को एकता का संदेश दिया गया। कोविड-19 के संकटकाल से लेकर अब तक, इस पुनीत कार्य में व्यक्तिगत भामाशाहों ने जिस तरह जिम्मेदारी उठाई, वह दिल छू लेने वाली है

सम्मेलन संस्करण वर्ष मुख्य भामाशाह (दानवीर)



कुल जोड़ेविशेष योगदान

**चौथा** 2022-एडवोकेट नंदकिशोर सिंह, एडवोकेट घनश्याम सिंह एवं माता कमला देवी30 जोड़ेकोविड के आर्थिक संकट में भोजन, टेंट, पेयजल, बैंड और घोड़ी का संपूर्ण खर्च उठाया।

**पांचवां** -दुर्गा सिंह चौहान (प्रधानाचार्य) एवं पुत्र नरेंद्र सिंह27 जोड़ेएक शिक्षक परिवार ने मानवता दिखाई। हजारों लोगों के खाने से लेकर पंडित और विदाई का पूरा खर्च उठाया।

**छठा**-दिलीप सिंह (पूर्व सरपंच) एवं पेपी भाई31 जोड़ेसामाजिक समरसता और परोपकार की मिसाल पेश करते हुए पिता का फर्ज निभाया।

**सातवां**-किशन सिंह खोडमाल (शिक्षक) एवं पुत्र महिपाल सिंह (सरपंच साहब)35 जोड़ेजरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता, टेंट व सामग्री उपलब्ध कराकर विदा किया।

### 8वें सामूहिक विवाह की घोषणा: अब केसर सिंह संभालेंगे कमान

इस कारवां को आगे बढ़ाते हुए 8वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की घोषणा हो चुकी है। इस बार मुख्य भामाशाह केसर सिंह जी (प्रिंसिपल साहब, ग्राम-लाला का तालाब, कोट किराना पंचायत) होंगे, जो मगरा क्षेत्र की बेटियों के हाथ पीले कराने का संपूर्ण जिम्मा उठाएंगे।

### संपादकीय टिप्पणी:

जो लोग निस्वार्थ भाव से समाज और मानवता के लिए अपना सर्वस्व लगाते हैं, वे साधारण इंसान नहीं बल्कि धरती के फरिश्ते होते हैं। समाज इन्हें युगों-युगों तक सम्मान और श्रद्धा से याद रखेगा। मगरा क्षेत्र के इन भामाशाहों की विचारधारा और त्याग हर नागरिक के लिए प्रेरणापुंज है।

### सलामी है ऐसे महापुरुषों और दानवीरों को:

इस प्रेरक खबर को ज्यादा से ज्यादा शेयर करें ताकि समाज में परोपकार की यह लौ हमेशा जलती रहे।

# झड़ाया बजरंग धाम आश्रम पर चल रहे 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ में उमडा श्रद्धा का सैलाब

## 25 जून को पूर्णाहुति पर शामिल हो सकते हैं राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा

## विश्व शांति व जन कल्याण के लिए शुक्रवार को यज्ञ में अधिक 11 लाख आहुतियां

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**उदयपुरवाटी/सुमेर सिंह राव।** उपखंड क्षेत्र के झड़ाया बजरंग धाम आश्रम पर मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ में 216 यजमानों व 151 पंडितों ने मंत्र उच्चारण के साथ विश्व शांति व जन कल्याण के लिए यज्ञ में आहुतियां दिलवाई द्य यज्ञ उपाचार्य संजय शास्त्री के अनुसार108 कुंडो में शुक्रवार तक 11 लाख आहुतियां यज्ञ में दी गई द्य महायज्ञ के आचार्य श्री कृष्णा शर्मा व उप आचार्य पंडित संजय शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को यज्ञ शाला में गणपत्यादी पूजन,आवाहित देवताओं की आहुति, श्री सूक्त राम महामंत्र, षडाक्षर, पंचाक्षर,रामरक्षा स्तोत्र का भी आयोजन हुआ द्य जग सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया ,डॉक्टर रामकुमार



सिराधना व जगदीश जाखड़ वेकेशन रामनिवास ताखर ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संभावित दौरे को ध्यान में रखते हुए भाजपा के कदावर नेता शुभकरण चौधरी यज्ञशाला में बराबर हाजरी दे रहे हैं द्य यज्ञ सेवा समिति के महेंद्र तेतरवाल हनुमान यादव व मीडिया प्रभारी अशोक जांगिड़ के अनुसार शुक्रवार को श्री राम कथा के दौरान कथा वाचक रणवीर भाई शेखावाटी वालों द्वारा श्रोताओं को राम जन्म कथा का वर्णन सुनाया गया द्य उदयपुरवाटी पुलिस थाने के थाना प्रभारी रामपाल मीणा ने भी शुक्रवार को पुलिस के जवानों के साथ यज्ञ स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया द्य इस दौरान डॉक्टर रामावतार गजराज, व्यवस्थापक विकास जांगिड़, महादेव जांगिड़, हनुमान यादव, सेवानिवृत्त तहसीलदार गजानंद लाटा, सत्यनारायण अग्रवाल, लक्ष्मण कुड़ी, सहित यज्ञ सेवा समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे ।

## सेवा, समर्पण और जनकल्याण के संकल्प के साथ मनाया राहुल गांधी का जन्मदिवस

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण ने पौधारोपण एवं गौसेवा कर दिया सामाजिक सरोकार का संदेश

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण द्वारा सेवा, समर्पण एवं जनकल्याण के संकल्प के साथ विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विज्ञान नगर में पौधारोपण तथा दादाबाड़ी स्थित गोशाला में गौसेवा कर समाज में पर्यावरण संरक्षण, जीवों के प्रति संवेदना एवं जनसेवा का संदेश दिया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण (ए) के अध्यक्ष जोन्टी बीरवाल के नेतृत्व में विज्ञान नगर क्षेत्र में मातृशक्ति की सहभागिता के साथ पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर जोन्टी बीरवाल ने कहा कि राहुल गांधी का सार्वजनिक जीवन संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय, युवाओं, किसानों, महिलाओं, गरीबों एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जन्मदिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लेने का भी दिन है। पौधारोपण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है और कांग्रेस सदैव सेवा की राजनीति में विश्वास रखती है।



इसी क्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण (बी) के अध्यक्ष जयेश श्रृंगी के नेतृत्व में दादाबाड़ी स्थित गोशाला में गायों को हरा चारा खिलाकर राहुल गांधी का जन्मदिवस मनाया गया। जयेश श्रृंगी ने कहा कि राहुल गांधी प्रेम, सद्भाव, करुणा और सेवा की विचारधारा के प्रतीक हैं। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग के बीच सेवा और सहयोग की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। गौसेवा भारतीय संस्कृति की संवेदनशील परंपरा है और ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना करते हुए संकल्प लिया कि वे संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय एवं जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करते हुए आमजन की आवाज़ बुलंद करते रहेंगे।

इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद कपिल शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय जैन, युवा कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि मनीष पारेता, कुनाल शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष शोएब जुम्मा, करण जैन, अमन गौतम, नैतिक चक्रवर्ती, अनिरुद्ध, भव्य, साहिल, गर्वित, शशांक, मनोज अजमेरा, मनोज भट्ट, सुंदर सिंह, शालिनी चौहान, गीता आहुजा, चंचल कंधारी, गंगा विश्नानी, ललिता सुमन, ज्योति, प्रीति भारद्वाज, गुंजन, लक्ष्मी देवी, मोहिनी देवी, कमला, कौशल्या पाहवा, वर्षा, सुरभि, केवलजीत, मीनाक्षी, अर्चना, श्वेता ठाकुर आदि कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 21 जून को कोटा में 92 केन्द्रों पर होगी नीट यूजी-2026 परीक्षा

### निष्पक्ष एवं सफल आयोजन के लिए अधिकारियों ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** नीट यूजी-2026 परीक्षा का आयोजन रविवार, 21 जून को कोटा में 92 परीक्षा केन्द्रों पर दोपहर 2 बजे से सायं 5.15 बजे तक होगा। नीट यूजी परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए शुक्रवार को सियाम ऑडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में संभागीय आयुक्त श्री अनिल कुमार अग्रवाल, आईजी कोटा रेंज श्री हरेन्द्र महावर, जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया एवं पुलिस अधीक्षक शहर तेजस्वनी गौतम ने एनटीए के निर्देशानुसार परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफल आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रश्न पत्रों एवं गोपनीय सामग्री के सुरक्षित



भंडारण एवं परिवहन, अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक सत्यापन, फ्रिस्किंग, परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था तथा सतत निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कार्यशाला में बताया गया कि नीट यूजी-2026 कोटा में 92 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी, जिसमें 32 हजार 715 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, ड्यूटी मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति एवं उनके प्रशिक्षण, परीक्षा केन्द्रों के आसपास कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा नकल एवं संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश दिए। नीट यूजी-2026 परीक्षा अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक टीम लीडर पुलिस अधिकारी नियुक्त किया जाएगा जो वहां की सुरक्षा व्यवस्था की जांच करेगा। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सीसीटीवी, जैमर, फिस्किंग की व्यवस्था रहेगी। एनटीए द्वारा कोटा जिले में 6 सिटी कॉर्डिनेटर नियुक्त कर उन्हें परीक्षा केन्द्र आवंटित करते हुए समस्त व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी है। कार्यशाला में नीट यूजी-2026 परीक्षा के लिए एनटीए द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर, सेक्टर मजिस्टेऊट, परीक्षा केन्द्र के लिए नियुक्त ड्यूटी मजिस्टेऊट, सिटी कॉर्डिनेटर, फ्लाइंग स्क्वाड के सदस्य, केन्द्राधीक्षक, प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए नियुक्त पुलिस टीम लीडर आदि उपस्थित रहे।

## 61 दिन में 9।44 लाख पेटियां! गुजरात के केसर आम ने तोड़ा 10 साल का रिकॉर्ड



**गिर सोमनाथ।** गुजरात में इस साल केसर आम का सीजन ऐतिहासिक रहा। 61 दिनों तक चले सीजन में तलाला आम मार्केट में करीब 9 लाख 44 हजार पेटियों की आवक दर्ज की गई, जो पिछले दस वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ने वाली मानी जा रही है। अच्छी पैदावार और बेहतर गुणवत्ता के कारण किसानों, व्यापारियों और आम प्रेमियों में खुशी का माहौल है। फलों का राजा कहलाने वाला केसर आम इस साल किसानों के लिए सौगात बनकर आया। तलाला आम मार्केट में दो महीने तक चली खरीद-बिक्री के दौरान कुल 9।44 लाख पेटियों की आवक हुई। पिछले कई वर्षों की तुलना में यह आंकड़ा सबसे अधिक बताया जा रहा है। सीजन के दौरान आम की मांग लगातार बनी रही, जिसके चलते किसानों को अच्छे भाव मिले और व्यापारियों को भी लाभ हुआ। इस वर्ष मौसम अनुकूल रहने से आम की पैदावार बेहतर रही। साथ ही केसर आम की क्वालिटी भी अच्छी रही, जिससे बाजार में इसकी मांग बढ़ी। किसानों का कहना है कि उत्पादन और कीमत दोनों संतोषजनक रहे, जिससे उन्हें अच्छा आर्थिक लाभ मिला है।

# श्रीराम महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धा की सरिता: 23 जून को आ सकते हैं राजस्थान के राज्यपाल

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** झड़ाया धाम में आयोजित 108 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के तीसरे दिन धार्मिक अनुष्ठानों, रामकथा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य आहुतियों का क्रम निरंतर जारी रहा तथा वातावरण भक्तिमय बना रहा। यज्ञ समिति द्वारा जानकारी दी गई कि आगामी 23 जून को राजस्थान के माननीय राज्यपाल महोदय की भी 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ में पहुंचने की पूरी पूरी संभावना बताई जा रही है द्यमहायज्ञ में पधारेंगे। राज्यपाल के आगमन को लेकर आयोजन समिति एवं प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। आज के कार्यक्रम में राजस्थान सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह बाजोर विशेष रूप से यज्ञ में पहुंचे। उन्होंने यज्ञ में आहुति अर्पित कर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आयोजन की सराहना की। दोपहर सत्र में श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण रामकथा का श्रवण किया। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग एवं



लोककल्याणकारी कार्यों का वर्णन किया गया। साथ ही रामायण से जुड़ी विभिन्न आकर्षक एवं मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। झांकियों के माध्यम से श्रीराम के जीवन के प्रेरणादायक प्रसंगों का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया। महायज्ञ की विशेषता के रूप में श्रद्धालुओं को संतों एवं यज्ञाचार्यों द्वारा अभिमंत्रित पौधे भेंट किए गए तथा उन्हें पौधों की देखभाल कर वृक्ष बनने तक संरक्षण करने का संकल्प दिलाया गया। आयोजन समिति ने इसे धर्म एवं पर्यावरण संरक्षण के समन्वय की अनूठी पहल बताया।

यज्ञ परिसर में संचालित विशाल अन्नक्षेत्र में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। भोजन, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं की श्रद्धालुओं द्वारा सराहना की जा रही है। वहीं महायज्ञ के साथ लगे विशाल मेले एवं आकर्षक झूलों का भी बच्चों, युवाओं एवं परिवारों द्वारा भरपूर आनंद लिया जा रहा है, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सवमय वातावरण में सराबोर है। इस अवसर पर पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, यज्ञ समिति अध्यक्ष मदनलाल भावरिया, यज्ञ समिति संयोजक जगदीश जाखड़, डॉ. रामावतार गजराज, डॉ. हीरा जी शंकर, डॉ. रामकुमार, मुक्ति लाल सैनी, सुभाष लांबा, दीपचंद यादव, दीपचंद ददरवाल, भवानी सिंह एवं विजय सिंह गजराज सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यज्ञ समिति अध्यक्ष मदनलाल भावरिया ने कहा कि महायज्ञ का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में संस्कार, सद्भाव एवं पर्यावरण संरक्षण की चेतना को जागृत करना भी है। वहीं संयोजक जगदीश जाखड़ ने बताया कि श्रद्धालुओं का उत्साह दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और यज्ञ के साथ चल रहा पौध संरक्षण अभियान जनआंदोलन का रूप ले रहा है।

## नीट एग्जाम के लिए पश्चिम रेलवे चलाएगा 6 स्पेशल ट्रेनें, जानें टाइमिंग और बुकिंग डिटेल



**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे ने 21 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान लिया है। अहमदाबाद-मुंबई, ओखा-गांधीनगर और भावनगर-गांधीग्राम स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। पश्चिम रेलवे के मुताबिक, नीट-2026 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा और अतिरिक्त यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए 20-21 जून को विशेष किराए पर तीन जोड़ी यानी 6 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसी तरह वापसी में ट्रेन संख्या 09471 बांद्रा टर्मिनसङ्कमणिनगर स्पेशल शनिवार, 20 जून 2026 को बांद्रा टर्मिनस से 21:15 बजे प्रस्थान करेगी और रविवार, 21 जून 2026 को 06:00 बजे मणिनगर पहुंचेगी।

### किन स्टेशनों पर रुकेगी ये ट्रेन?

यह ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में आणंद, विश्वामित्री, भरूच, सूरत, नवसारी, वलसाड, वापी, पालघर एवं बोरीवली स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में स्लीपर एवं सामान्य श्रेणी के कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09554 ओखा-गांधीनगर कैपिटल स्पेशल शनिवार, 20 जून 2026 को ओखा से प्रातः 05:00 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन 15:00 बजे गांधीनगर कैपिटल पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09553 गांधीनगर कैपिटल-ओखा स्पेशल रविवार, 21 जून 2026 को गांधीनगर कैपिटल से 20:55 बजे प्रस्थान करेगी तथा सोमवार, 22 जून 2026 को 06:40 बजे ओखा पहुंचेगी।

### इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

यह ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में द्वारका, भाटिया, खंभालिया, कानालुस, जामनगर, हापा, पड़धरी, राजकोट, वांकानेर, थान, मूली रोड, सुरेन्द्रनगर, वीरमगाम, आंबली रोड एवं चांदलोडिया बी स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में स्लीपर एवं सामान्य श्रेणी के कोच होंगे।

### इन स्टेशनों पर रुकेगी ट्रेन

यह ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में भावनगर परा, सिहोर, धोला, बोटाद, धंधुका, धोलका, बावला एवं सरखेज स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में स्लीपर एवं सामान्य श्रेणी के कोच होंगे।

## 50 लाख नहीं दिए तो लाश मिलेगी, पत्नी को भेजा खुद के किडनैपिंग का वीडियो, पुलिस ने होटल से पकड़ा

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पुलिस के साथ-साथ आम लोगों को भी हैरान कर दिया। यहां एक अकाउंटेंट ने ऑप्शन ट्रेडिंग में हुए भारी नुकसान की भरपाई करने के लिए खुद के अपहरण का फर्जी नाटक रच डाला। उसने अपनी पत्नी के मोबाइल पर अपहरणकर्ता बनकर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी और खुद को बंधक बनाए जाने का वीडियो भी भेज दिया। मामला सूरत के मोटा वराछा इलाके का है। यहां के रहने वाले 36 वर्षीय जिग्नेश तलाविया ने अपनी ही पत्नी को हिंदी में धमकी भरा मैसेज भेजा। मैसेज में लिखा था कि अगर 50 लाख रुपये नहीं मिले तो उसकी लाश मिलेगी। साथ ही पुलिस के पास जाने या बैंक खाता बंद कराने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई थी। मैसेज के साथ एक वीडियो भी भेजा गया, जिसमें जिग्नेश खुद को बंधक बना हुआ दिखा रहा था। वीडियो देखने के बाद परिवार घबरा गया और पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मोटा वराछा के भक्तिनंदन सेक्टर-2 निवासी मिनाक्षीबेन तलाविया ने 12 जून को उत्तराण पुलिस स्टेशन में अपने पति की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई।

## मोरबी की पेपर मिल में लगी भीषण आग, मौके पर दमकल की कई गाड़ियां मौजूद

**अहमदाबाद।** गुजरात के मोरबी जिले में शुक्रवार को एक पेपर मिल में भीषण आग लग गई, जिसके बाद स्थानीय अग्निशमन विभाग ने तुरंत कार्रवाई की। आग इलाके की औद्योगिक इकाई में लगी, जिसकी सूचना मिलते ही आग पर काबू पाने के लिए कई दमकल गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि आग को आसपास की अन्य औद्योगिक इकाइयों तक फैलने से रोकने के लिए तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया। आग कितनी भीषण है और इसके लगने का मुख्य कारण क्या है, इसका पता अभी नहीं चल पाया है।

### कोई हताहत की खबर नहीं

अब तक किसी के भी हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है, अधिकारी स्थिति पर करीब से नजर बनाए हुए हैं। लपटों को पूरी तरह से बुझाने और यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि आग से आसपास के बुनियादी ढांचे को और कोई नुकसान न पहुंचे। मोरबी पेपर और सिरेमिक निर्माण कारखानों सहित कई औद्योगिक इकाइयों का केंद्र है, पहले भी इसी तरह की आग की घटनाओं का गवाह रहा है। इन घटनाओं ने क्षेत्र में औद्योगिक सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

## गुजरात के पावागढ़ शक्तिपीठ में हादसा, भूस्खलन के कारण मलबे में दबे श्रद्धालु, दो की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के पंचमहाल जिले में स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल पावागढ़ की पहाड़ियों पर शुक्रवार सुबह एक बेहद दर्दनाक हादसा हो गया। पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण पहाड़ी पर भूस्खलन हो गया, जिससे बड़े-बड़े पत्थर और मलबा नीचे गिर पड़े। इस मलबे की चपेट में आने से कई श्रद्धालु दब गए, जिनमें से अब तक दो लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इस घटना के बाद से भक्तों और स्थानीय लोगों में शोक का माहौल है।

### कब और कहां हुआ हादसा?

बता दें कि यह हादसा सुबह करीब 5:00 बजे हुआ, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता जी के दर्शन के लिए पहाड़ी पर चढ़ रहे थे। पहाड़ी के रास्ते में पड़ने वाले पाटियापुल के पास अचानक ऊपर से बड़े-बड़े पत्थर और मिट्टी नीचे गिरने लगे। लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से मिट्टी पूरी तरह गीली और ढीली हो चुकी थी, जिसके कारण पत्थरों की रफ्तार इतनी तेज थी कि नीचे से गुजर रहे यात्रियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

### मलबे में अभी भी कई लोगों के दबे होने की आशंका

पहाड़ी से गिरे भारी पत्थरों की चपेट में कई श्रद्धालु आ गए। प्रशासन ने अब तक दो यात्रियों के शव बाहर निकाले हैं। आशंका जताई जा रही है कि कुछ और लोग भी अभी पत्थरों के नीचे दबे हो सकते हैं। मलबे की चपेट में आए घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मुख्य समारोह 21 जून को खेल संकुल में, 50 दिवसीय काउंटडाउन अभियान से बना योगमय माहौल

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**बूंदी।** जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा आगामी 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह 21 जून को प्रातः 6 बजे खेल संकुल में आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्टर हरफूल सिंह यादव के मार्गदर्शन में संचालित 50 दिवसीय काउंटडाउन अभियान के तहत जिलेभर में योग के प्रति व्यापक जनजागरण का वातावरण निर्मित हुआ है। अभियान के दौरान ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों एवं खेल संकुल में नियमित योग सत्र, हेरिटेज योग, सामूहिक योगाभ्यास, ध्यान सत्र, बाल योग शिविर, जनजागरूकता कार्यक्रम एवं विशेष योग गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में बड़ी संख्या



में नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने सहभागिता कर योग को अपनी जीवनशैली से जोड़ने का संकल्प लिया। योग दिवस सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सुनील कुशवाह ने बताया कि इस वर्ष की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग के अनुरूप जिलेभर में योग को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियां आयोजित की गई हैं। उन्होंने सभी जिलेवासियों से परिवार सहित 21 जून के मुख्य समारोह में सहभागिता की अपील की। श्रीजी योगशाला के निदेशक एवं योग गुरु दीपक गुर्जर के निर्देशन में प्रशिक्षक भूपेन्द्र योगी, शिखर पंचोली, शक्ति तोषनीवाल, विशाल गुर्जर, प्रांशु सिंह गहलोत, चांदनी वरयानी, सरला कुशवाह, पूजा खत्री, महिमा शर्मा, रविन्द्र गुर्जर, पंकज पारीक, सुधा चौधरी एवं चारू अग्रवाल सहित योग प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों द्वारा अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। जिला प्रशासन ने सभी सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थाओं एवं आमजन से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह को सफल बनाने तथा योग फॉर निरोगी बूंदी के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया है।

# विजयवर्गीय महिला मंडल द्वारा योग एवं जुम्बा सत्र का सफल आयोजन

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** विजयवर्गीय नवयुवक मंडल, कोटा के तत्वावधान में विजयवर्गीय महिला मंडल, कोटा द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य, फिटनेस एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 18 से 21 जून तक विशेष योग एवं जुम्बा सत्र का आयोजन विजयवर्गीय मांगलिक भवन, बसंत विहार, कोटा में किया जा रहा है, इस कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार 18 जून को महिलाओं के लिए जुम्बा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शारीरिक फिटनेस एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में फिजियोथेरेपिस्ट, डेंटिस्ट, डर्मेटोलॉजिस्ट, गायनेकोलॉजिस्ट एवं एक्यूप्रेशर विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध रहीं, जिससे उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान एवं परामर्श का लाभ मिला।



महिला मंडल की संयोजिका श्रीमती प्रियंका विजय ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वास्थ्य, संस्कार एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नवयुवक मंडल अध्यक्ष श्री सीताराम विजय, प्रधानमंत्री श्री गजेंदर विजय, अर्थमंत्री श्री दीपक विजय सहित विभिन्न पदाधिकारीयों ने दीप प्रज्वलित कर चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया द्य 19 एवं 20 जून को भी यह सत्र आयोजित किए जाएंगे और 21 जून को सुबह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सत्र में महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों की सहभागिता से योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया जाएगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला मंडल पदाधिकारी श्रीमती रीनू विजय, सुमन विजय, दीप्ती विजय,प्रीति विजय,ब्रिजेश विजय, अंकिता विजय, वंदना विजय, शालिनी विजय सहित नवयुवक मंडल के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। प्रथम दिन 150 से अधिक महिलाओं द्वारा कार्यक्रम मे भाग लेकर लाभ प्राप्त किया गया।

# राजस्थान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कीर्ति पाठक जी का जयपुर में प्रथम आगमन, मोती डूंगरी गणेश मंदिर में की पूजा-अर्चना एवं महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता

आम आदमी पार्टी राजस्थान की नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कीर्ति पाठक जी के जयपुर में प्रथम आगमन पर पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों द्वारा भव्य एवं गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अपने प्रथम कार्यक्रम के अंतर्गत कीर्ति पाठक जी ने जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर राजस्थान की खुशहाली, समृद्धि एवं जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करने की कामना की। इसके पश्चात पार्टी कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का शुभारंभ आम आदमी पार्टी राजस्थान के मुख्य प्रवक्ता दीपक मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि कीर्ति पाठक जी आम आदमी पार्टी की स्थापना काल से ही एक समर्पित स्वयंसेवक के रूप में पार्टी से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। पार्टी द्वारा लड़े गए विभिन्न चुनावों में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा संगठन को मजबूत बनाने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। दीपक मिश्रा ने कहा कि कीर्ति पाठक जी राजस्थान में आम आदमी पार्टी की सबसे मेहनती, संघर्षशील एवं जमीनी नेताओं में से एक हैं और उनके नेतृत्व में पार्टी प्रदेश में और अधिक मजबूत होगी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कीर्ति पाठक जी ने कहा कि वे राजस्थान के आमजन की आवाज़ को मजबूती से उठाने



का कार्य करेंगी तथा प्रदेश के विकास, सुशासन और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देंगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी राजस्थान के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों, सम्मान और बेहतर भविष्य के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

कीर्ति पाठक जी ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वे आम आदमी पार्टी राजस्थान की पहली महिला प्रदेश अध्यक्ष हैं और वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ निभाएंगी।

उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी एक संवेदनशील पार्टी है। राजस्थान में जनता से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर हम पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे। चाहे वह किसानों की समस्या हो, महिलाओं की सुरक्षा हो, युवाओं का रोजगार हो या शिक्षा एवं स्वास्थ्य का विषय, आम आदमी पार्टी हमेशा जनता के साथ खड़ी रहेगी और उनकी आवाज़ को मजबूती से उठाएगी। कीर्ति पाठक जी ने हाल ही में सामने आए पेपर लीक मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक कठिन परिश्रम करने वाले अभ्यर्थियों का विश्वास सरकार की विफलताओं के कारण टूट रहा है। उन्होंने मांग की कि पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा भर्ती प्रक्रियाओं को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए।

उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और युवाओं को उज्ज्वल भविष्य देने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार जैसे बुनियादी मुद्दों पर सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी है। कीर्ति पाठक जी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ही राजस्थान के आम आदमी की सबसे बड़ी उम्मीद है। पार्टी ने जिन राज्यों में सरकार बनाई है, वहां शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य करके दिखाए हैं। राजस्थान की जनता भी अब ऐसी राजनीति चाहती है जो केवल वादे न करे, बल्कि परिणाम देकर दिखाए।

उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी वह पार्टी है जो कहती है, वही करती है। हमारी राजनीति वादों की नहीं, काम की राजनीति है।

इस अवसर पर पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# भावनगर मेडिकल कॉलेज में रैगिंग पर बड़ा एक्शन, 6 सीनियर डॉक्टर सस्पेंड: हॉस्टल से भी निकाले गए

## दोषी डॉक्टरों को हॉस्टल खाली करने और कॉलेज से निष्कासित किया

**अहमदाबाद।** गुजरात के भावनगर स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज में जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग का एक बेहद गंभीर और शर्मनाक मामला सामने आया है। जूनियर छात्रों के साथ हुई रैगिंग के इस मामले में कॉलेज की एंटी-रैगिंग कमेटी ने रैगिंग में शामिल 6 वरिष्ठ डॉक्टरों को निलंबित कर दिया है। नेशनल मेडिकल कमीशन के कड़े नियमों और स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल पंचशेरिया के निर्देशों के तहत इन डॉक्टरों को तुरंत हॉस्टल खाली करने का आदेश दिया गया है। साथ ही अलग-अलग दोषियों को छह महीने से लेकर दो साल तक के लिए कॉलेज की सभी शैक्षणिक और क्लिनिकल गतिविधियों से निष्कासित कर दिया गया है।

### एंटी-रैगिंग कमेटी की मैराथन बैठक आयोजित हुई

भावनगर के सरकारी मेडिकल कॉलेज में छात्रों के बीच रैगिंग की घटना की सूचना मिलते ही कॉलेज की रैगिंग विरोधी समिति ने गहन जांच शुरू कर दी। समिति ने मामले की सच्चाई जानने के लिए लगातार 8.30 घंटे तक मैराथन बैठक




की। इस जांच के दौरान, 13 मेडिकल छात्रों के मामलों की गहन छानबीन की गई। इसके अलावा, घटना की सच्चाई का पता लगाने के लिए 13 आर3 डॉक्टरों और 5 से 6 सहायक कर्मचारियों और संकाय सदस्यों के आधिकारिक बयान भी दर्ज किए गए।

### 6 वरिष्ठ डॉक्टरों को दोषी पाया गया, सभी को निलंबित किया गया

रैगिंग विरोधी समिति द्वारा गहन जांच के बाद, 6 वरिष्ठ डॉक्टरों रैगिंग का दोषी पाया गया है और उनके खिलाफ निलंबन की कड़ी कार्रवाई की गई है।

नेशनल मेडिकल कमीशन के कड़े नियमों के तहत कॉलेज प्रशासन ने इन सभी 6 दोषी छात्रों को शाम 6 बजे तक तत्काल प्रभाव से छात्रावास खाली करने का आदेश दिया है। दोषी पाए गए छात्र शैक्षणिक, नैदानिक, अनुसंधान सहित किसी भी अन्य कॉलेज गतिविधि में भाग नहीं ले सकेंगे।

### दोषी छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश

स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल पंचशेरिया के निर्देशों के अनुसार, रैगिंग विरोधी समिति ने सभी तथ्यों, सबूतों और बयानों के आधार पर दोषी छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है। स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल पंशेरिया ने स्पष्ट रूप से कहा है कि राज्य के किसी भी मेडिकल कॉलेज में रैगिंग जैसी असामाजिक, अमानवीय और अनुशासनहीन गतिविधियों को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार छात्रों की सुरक्षा, सम्मान और स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे कृत्यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी।

# नेवले के काटने से महिला को हुआ रेबीज, हालत ऐसी कि अब पानी देखकर लगने लगा डर

**अहमदाबाद।** गुजरात के बनासकांठा जिले के पालनपुर जनरल अस्पताल में एक बेहद दुर्लभ और डॉक्टरों को हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां राजस्थान की एक 45 वर्षीय महिला को नेवला के काटने के बाद रेबीज हो गया। दरअसल, राजस्थान के सिरोही जिले की रहने वाली दलिबेन उजाजी सरगड़ा को डेढ़ महीने पहले नेवला ने काटा था, स्थानीय डॉक्टर से सलाह लेने के बावजूद महिला ने टीका नहीं लगवाया था,जिसके बाद उसे हाइड्रोफोबिया जैसे गंभीर लक्षण विकसित हो गए। जब इस महिला को पालनपुर अस्पताल लाया गया, तो डॉक्टर भी रेबीज के लक्षण देखकर दंग रह गए। जानकारी के मुताबिक, नेवला के काटने के बाद महिला ने राजस्थान के एक स्थानीय अस्पताल में रेबीज का पहला टीका लगवाया। इसके बाद वे दूसरा टीका लगवाने गईं। तब स्थानीय डॉक्टर ने महिला से कहा कि अगर नेवला काटता है तो टीका न लगवाना भी ठीक है। यह सुनकर महिला ने टीका नहीं लगवाया।

### टीकाकरण न करवाने के डेढ़ महीने बाद लक्षण दिखाई दिए

वैक्सीन की बची हुई खुराक न लेने के कारण महिला में डेढ़ महीने के भीतर रेबीज के गंभीर लक्षण विकसित हो गए। इन लक्षणों में से एक था हाइड्रोफोबिया, यानी पानी से डर। पानी को पास लाते ही वह डर जाती थी। इससे डॉक्टर स्तब्ध रह गए। अब, महिला के रेबीज के लक्षणों की जांच के बाद डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया है।

# मानसून को एक साथ 5 सिस्टम रोक रहेः 19 राज्य बारिश को तरसे

**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना।** मानसून 15 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है, लेकिन 8 जून से तेलंगाना में अटका हुआ है। 11 दिन हो गए हैं, ये आगे नहीं बड़ रहा है। इससे उत्तर-मध्य भारत के 7 राज्य बारिश के लिए तरस रहे हैं। इन राज्यों में 60% तक कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसकी वजह एक ही समय पर 5 अलग-अलग सिस्टम एक्टिव होना है। जैसे अरब सागर से तेज नमी वाली हवाएं नहीं आ रहीं और दक्षिण से बादल उत्तर की ओर नहीं बढ़ रहे हैं। 1 से 18 जून के बीच देश में सामान्य से 38% कम बारिश दर्ज की गई है। अब तक के आंकड़ों के अनुसार सबसे खराब स्थिति गुजरात की रही, जहां सामान्य से 79% कम बारिश हुई। इसके बाद महाराष्ट्र में 78% कम वर्षा की गई। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश हो रही है। इसके बावजूद यूपी-राजस्थान समेत 7 राज्यों में तापमान 40डिग्री के पार है।



दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल

### अगले दो दिन के मौसम का हाल

**20 जूनः** बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में बारिश की संभावना। बिहार में कुछ जगहों पर 50-70किमी. की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। कई इलाकों में 40-60किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

**21 जूनः** सिक्किम, उत्तर बंगाल, असम और मेघालय में भारी बारिश की संभावना है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में बारिश के साथ 40-60किमी. की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बारिश जारी रह सकती है।

### कोलकाता एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट पर बिजली गिरी

कोलकाता एयरपोर्ट पर आंधी-तूफान के दौरान अगरतला जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6E6068 पर बिजली गिर गई। घटना उस समय हुई जब विमान एयरोब्रिज पर खड़ा था। दो ग्राउंड मैन को हल्की चोटें आई थीं, फिलहाल दोनों ठीक हैं। विमान में 147 पैसेंजर सवार थे। सावधानी के तौर पर यात्रियों को विमान से उतारकर दूसरे विमान से रवाना किया गया।

### नवी मुंबई एयरपोर्ट की छत से टपका पानी

नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर छत से पानी टपकने के कारण शुक्रवार को बैगेज बेल्ट 5 और 6 का संचालन कुछ समय के लिए प्रभावित हो गया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि करीब 30 मिनट में पानी का रिसाव रोक दिया गया और एक घंटे के भीतर सफाई व मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया। फिलहाल दोनों बैगेज बेल्ट पूरी तरह से चालू हैं।

### 7 राज्यों में गर्मी का असर, पारा 40डिग्री पार

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, महाराष्ट्र और ओडिशा के कई शहरों में बुधवार को पारा 40डिग्री से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा उत्तर प्रदेश के बांदा में 43.2डिग्री दर्ज किया गया। वहीं महाराष्ट्र के ब्रह्मपुरी में 42.3डिग्री, ओडिशा के बौध में 42.8डिग्री, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 41.6डिग्री, झारखंड के डाल्टनगंज में 42डिग्री, बिहार के छपरा में 41.6डिग्री और एमपी के खजुराहो 41.4डिग्री रहा।

### अल नीनो के हालात भी बन रहे

अमेरिकी राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन ने उपग्रह के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की है। इसके अनुसार इंटरट्रॉपिकल कन्वर्जेंस जोन पर्याप्त गति से सक्रिय नहीं हो पाया है, इससे मानसून की रफ्तार धीमी है। यह सामान्य रूप से जून के मध्य तक उत्तर की ओर बढ़कर भारत में नमी खींचता है। अल नीनो की परिस्थितियां भी बन रही हैं। इससे लंबे समय तक सूखा और असमान बारिश देखने को मिल सकती है। उपग्रह के आंकड़े पूर्वी भारत में गरज-चमक का संकेत देते हैं। लेकिन मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और पश्चिमी भारत में बादलों का घनापन कम है।

### जेट स्ट्रीम कमजोर होने पर आगे बढ़ेगा मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक, जेट स्ट्रीम का मौजूदा पैटर्न कमजोर होने पर मानसूनी हवाएं तेज होंगी। अगले 4-5 दिनों में मानसून के महाराष्ट्र, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की परिस्थितियां बन सकती हैं। जेट स्ट्रीम वायुमंडल की ऊपरी परतों में बहने वाली बहुत तेज हवाएं हैं। ये आमतौर पर पृथ्वी की सतह से करीब 8 से 15 किलोमीटर की ऊंचाई होती है। ये मानसूनी बादलों और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस यानी पश्चिमी विक्षोभ को प्रभावित करती हैं।

# टेलीग्राम पर नीट का फर्जी पेपर बेचने वाला गिरफ्तार

### राजस्थान में अमेरिकी नेटवर्क यूज कर रहा था; दिल्ली हाईकोर्ट बोला- टेलीग्राम पर रोक जारी रहेगी




**नई दिल्ली।** टेलीग्राम पर रोक के बाद भी राजस्थान के भीलवाड़ा से नीट का फर्जी पेपर बेचने की कोशिश की गई है। इस मामले में पुलिस एक स्टूडेंट को हिरासत में लिया है। आरोपी टेलीग्राम का इस्तेमाल अमेरिका के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए कर रहा था। उसके टेलीग्राम चैनल का नाम पेपर माफिया है। उधर, टेलीग्राम पर नीट री-एग्जाम तक रोक जारी रहेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने टेलीग्राम की केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ लगाई याचिका खारिज कर दी। केंद्र ने 16 जून को टेलीग्राम पर 22 जून तक रोक लगाने का आदेश दिया था। वहीं, नीट री-एग्जाम को ध्यान में रखते हुए वेस्टर्न रेलवे ने परीक्षा केंद्रों पर जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। ये स्पेशल ट्रेनें गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्य रूटों पर चलेंगी, जिनमें स्लीपर और जनरल कोच होंगे। नीट परीक्षा को सुरक्षित बनाने के लिए शनिवार सुबह 9 बजे से लेकर रात तक मॉक ड्रिल चलाई जाएगी। एनटीए ने सभी एग्जाम सेंटर्स को पहले ही अपने हैंडओवर में ले लिया है। इस मॉक ड्रिल में देशभर के करीब 2.5 लाख सुरक्षाकर्मी शामिल रहेंगे।

### हाईकोर्ट ने कहा- केंद्र के पास रोक लगाने का अधिकार

दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को टेलीग्राम की याचिका पर कहा, 'सरकार के पास आईटी एक्ट की धारा 69 के तहत बैन लगाने का अधिकार है।' जस्टिस तेजस कारिया ने कहा, 'इस मामले पर कोर्ट की रिव्यू कमेटी ने भी सरकार के फैसले की जांच की थी। सरकार ने पूरी समझदारी से काम लिया है, इसमें किसी तरह की जल्दबाजी या लापरवाही नहीं दिखती।' गुरुवार को मामले की सुनवाई पूरी हुई और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### कोर्ट ने पूछा था- 15 करोड़ यूजर्स के अधिकार को कैसे रोक सकते हैं

कोर्ट में गुरुवार को सरकार ने दलील दी थी कि री-एग्जाम से पहले टेलीग्राम के दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस पर कोर्ट ने पूछा था कि कुछ परीक्षार्थियों की वजह से 15 करोड़ टेलीग्राम यूजर्स के अधिकारों पर रोक कैसे लगाई जा सकती है।

# रिपोर्ट- अमेरिका-ईरान के बाद इजराइल-हिजबुल्लाह में भी सीजफायर

## अमेरिका-कतर ने समझौता करायाः ट्रम्प फिर बोले- ईरान को एक डॉलर भी नहीं देंगे

**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के पीस डील के बाद इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच युद्धविराम पर सहमति बन गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच सीजफायर शुक्रवार शाम 4 बजे स्थानीय समय (भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे) से लागू हो गया है। एक सीनियर अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अमेरिका और कतर के वार्ताकारों ने ईरान की मदद से यह समझौता कराया। गुरुवार को हुई गोलीबारी के बाद दोनों पक्ष लड़ाई रोकने पर राजी हुए। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को लेकर सख्त बयान दिया। उन्होंने कहा, हम नहीं, ईरान मजबूरी में बातचीत की टेबल पर आया। वह खत्म हो चुका है। हम 60 दिन की प्रक्रिया पूरी करेंगे और उसे एक डॉलर भी नहीं मिलेगा। ट्रम्प ने एक अन्य पोस्ट में दावा किया कि ईरान की सैन्य ताकत बुरी तरह कमजोर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि उसके पास अब एयरफोर्स, नौसेना, एयर डिफेंस सिस्टम और रडार जैसी क्षमताएं लगभग नहीं बची हैं।

### ईरान-अमेरिका पीस डील लागू

अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए अंतरिम समझौते पर दस्तखत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार रात को फ्रांस के वर्साय पैलेस में इससे जुड़े Mo पर साइन किए।

### ईरान-अमेरिका की आज होने वाली वार्ता टली

अमेरिका और ईरान के बीच शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में होने वाली अहम वार्ता टाल दी गई है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच अगली बैठक अब आने वाले दिनों में होगी। अंतिम समझौते पर आगे बढ़ना इस बात पर निर्भर करेगा कि हाल ही में हुए अंतरिम समझौते की शुरुआती शर्तों को कितना लागू किया जाता है।



### अमेरिका-ईरान प्रतिनिधि आज स्विट्जरलैंड में मिलेंगे

अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक वार्ता शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में होगी।

**इजराइल बोला- लेबनान से पीछे नहीं हटेंगेः** इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में अपनी तैनाती का नया नक्शा जारी किया है और साफ किया है कि फिलहाल वहां से सैनिक नहीं हटाए जाएंगे।

**होर्मुज से जहाजों की आवाजाही तेजः** पीस डील पर साइन होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही तेज हो गई है। सऊदी अरब के झंडे वाले तीन बड़े तेल टैंकर होर्मुज स्ट्रेट से गुजर चुके हैं।

**लेबनान में इजराइली हमलों में 3 लोगों की मौतः** पीस डील लागू होने के बाद भी इजराइल ने साउथ लेबनान में हमला किया जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। 2 मार्च से अब तक इन हमलों में 3,900 लोग मारे जा चुके हैं।

### के लिए जहाजों को पहले अनुमति लेनी होगी

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले सभी जहाजों के मालिकों और कप्तानों से कहा है कि उन्हें इस अहम समुद्री मार्ग में प्रवेश करने से पहले रजिस्ट्रेशन कराना होगा और जरूरी अनुमति व बीमा लेना होगा। साथ ही, आधिकारिक वेबसाइट पर 48 घंटे पहले इसकी सूचना भी देनी होगी। ईरान की नई बनाई गई पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी ने शुक्रवार को कहा कि कमर्शियल जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी जहाजों को उसके नियमों और शर्तों का पालन करना होगा। अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते के तहत 60 दिनों तक रजिस्ट्रेशन, बीमा, सुरक्षा, संरक्षा और पर्यावरण सेवाओं के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इन खर्चों को ईरानी सरकार उठाएगी। हालांकि ईरान ने संकेत दिया है कि 60 दिन की अवधि खत्म होने के बाद वह जहाजों से शुल्क वसूल सकता है।

### उसे एक पैसा भी नहीं मिलेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा, हम मजबूरी में बातचीत की मेज पर नहीं आए, ईरान आया है। वे खत्म हो चुके हैं। हम 60 दिन का इंतजार करेंगे। उन्हें कोई पैसा नहीं मिलेगा, एक पैसा भी नहीं। एक दूसरे पोस्ट में ट्रम्प ने कहा, युद्ध ने ईरान को कमजोर कर दिया है। अब उसके पास न वायुसेना बची है, न नौसेना, न वायु रक्षा उपकरण, न रडार और न ही लगभग कुछ और। इसके बावजूद विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट कह रहे हैं कि ईरान चार महीने पहले से बेहतर स्थिति में है। क्या आप सोच सकते हैं कि कोई ऐसी बात कहकर बच सकता है? कुछ लोग इतने मूर्ख कैसे हो सकते हैं?

### ईरान बोला- होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने ईरानी विदेश मंत्री बोले- इजराइल की एकमात्र दिलचस्पी युद्ध में है

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि इजराइल की एकमात्र दिलचस्पी स्थायी युद्ध में है। अराघची ने इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री बेन गवीर के उस बयान की कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पूरा लेबनान जलना चाहिए। अराघची ने एक्स पर लिखा, यह किसी पागल और नरसंहार समर्थक व्यक्ति की बड़बड़ाहट नहीं है, बल्कि इजराइली शासन के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री का सार्वजनिक बयान है। उन्होंने आगे कहा, तेल अवीव में बैठा यह नरसंहार समर्थक समूह पूरी मानवता के लिए खतरा है। यह सभी लोगों के लिए खतरा पैदा करता है।हिजबुल्लाह ने कहा है कि वह इजराइली हमलों के खिलाफ लेबनान की जमीन और लोगों की रक्षा करता रहेगा। संगठन ने इजराइल पर संघर्षविराम का उल्लंघन करने का आरोप भी लगाया है।

# पीएम मोदी ने 15 लाख युवाओं को 2400 करोड़ दिए

### कहा- विकसित भारत रोजगार योजना ने 70 लाख जॉब दिए, भविष्य की वर्कफोर्स तैयार हो रही

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत 15 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को 2400 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी। यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए खातों में भेजी गई। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए इस इवेंट में प्रधानमंत्री ने युवाओं और उन्हें नौकरियां देने वाले उद्यमियों से संवाद भी किया। पीएम बोले कि यह योजना पहली बार नौकरी खोजने वाले युवाओं और इंडस्ट्री के बीच एक पुल का काम करती है। इसके जरिए हम भविष्य के लिए एक मजबूत वर्कफोर्स तैयार कर रहे हैं। इंसेंटिव ट्रांसफर करने का कार्यक्रम देशभर के 200 औद्योगिक क्लस्टर में हुआ। इस कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र भी बांटे गए, क्योंकि नए लेबर कोड के तहत अपॉइंटमेंट लेटर देना अनिवार्य है। गौरतलब है कि PM-VBRY के तहत सरकार ने कुल 99,446 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इसके तहत 2 साल में 3.5 करोड़ नौकरियां पैदा करने का लक्ष्य रखा है। मैं कुछ ही घंटे पहले फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा से आया हूं और जी7 में विकसित देशों के दिग्गज नेताओं से मिला हूं दुनिया आज भारत की युवा शक्ति की चर्चा कर रही है। भारत के टैलेंट, स्किल और सशक्त की चर्चा सब दूर तक हो रही है। हमारी कोशिश है कि भारत का युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदल सके और इसी सोच के साथ पीएम विकसित भारत रोजगार योजना शुरू हुई है। यह बहुत आगे बढ़कर पहली नौकरी पाने वाले युवा के सपनों को शक्ति देनी वाली योजना है।




# कोलकाता-योग दिवस के लिए रेड रोड 7 दिन तक बंद

### हाईकोर्ट बोला- सरकार वैकल्पिक रास्तों का इंतजाम करे; यहां ईद के लिए परमिशन नहीं मिली थी

**कोलकाता।** कोलकाता के रेड रोड पर 21 जून को योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम होना है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। इसकी तैयारियों के लिए 14 जून से रेड रोड बंद है। इसके खिलाफ ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में कहा गया कि सड़क बंद होने से वकीलों और आम लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि रेड रोड बंद रहने तक लोगों के लिए वैकल्पिक रास्तों का इंतजाम करें। साथ ही कार्यक्रम खत्म होने के बाद तुरंत ही सड़क खोला जाए।

# मैक्रों ने हिंदी में कहा- भारत-फ्रांस की दोस्ती अमर रहे

### मित्र नरेंद्र, आपका स्वागत करके बहुत खुशी हुई; पीएम मोदी दिल्ली पहुंचे

**पेरिस/नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए हिंदी में वीडियो मैसेज शेयर किया है। उन्होंने कहा- प्रिय मित्र नरेंद्र, आपका नीस, एवियान और पेरिस के दौरे में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हुई। फ्रांस और भारत की दोस्ती अमर रहे। इसके बाद मुस्कुराते हुए मैक्रों ने कहा, 'मुझे उम्मीद है यह (हिंदी संदेश) सही होगा। डियर प्राइम मिनिस्टर इस दोस्ती के लिए आपका धन्यवाद। मैं अगली फरवरी (भारत यात्रा) आपसे मिलूंगा।' वहीं, फ्रांस से रवाना होने के बाद मोदी ने एक्स पर लिखा- यह यात्रा सहभागिता और उपलब्धियों दोनों के लिहाज से व्यापक रही। दरअसल, पीएम मोदी 6 दिन का फ्रांस और स्लोवाकिया दौरा पूरा करके शुक्रवार सुबह भारत पहुंच चुके हैं। इस दौरान उन्होंने जी 7 समिट भी अटेंड की। यहां पीएम की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात हुई। ट्रम्प ने मोदी की जमकर तारीफ की।

### 18 जूनः पेरिस में विवाटेक कार्यक्रम में शामिल हुए

पीएम मोदी पेरिस में आयोजित विवाटेक समिट में शामिल हुए थे। मोदी ने कहा- फांस एक अहम कड़ी का काम कर रहा है जो भारत और यूरोप के टेक इकोसिस्टम को करीब ला रहा है। उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं ऐसे समय में फांस आया हूं, जब कुछ दिन पहले ही हमारी पार्टनरशिप के 12 साल पूरे हुए हैं। मोदी ने कहा कि 12 साल तक देश की सेवा करना मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है। ये भारत के लोकतंत्र की शक्ति है, जिसने एक चायवाले को यहां तक पहुंचा दिया।

# कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर ने प्रधानमंत्री को लेटर लिखा

## सुसाइड करने वाले नीट स्टूडेंट्स के लिए 1-1 करोड़ की मांग, आज दिल्ली में फिर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने पीएम मोदी से सुसाइड करने वाले नीट स्टूडेंट्स के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की है। दीपके ने सुसाइड को पीएम को पत्र भी लिखा है। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की। उन्होंने लिखा कि देश का माहौल युवाओं के जीवन और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों और अभिभावकों में निराशा और बढ़ सकती है। उधर, सीजेपी कल यानी 20 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पर फिर से प्रदर्शन करेगी। इससे पहले नागपुर, जयपुर, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अमृतसर में प्रदर्शन कर चुकी है। 36 दिनों में 12 छात्रों ने सुसाइड किया देश में पिछले 36 दिनों में नीट एग्जाम से जुड़े 12 छात्र-छात्राएं सुसाइड कर चुके। इंदौर में नीट की तैयारी कर रही छात्रा गुरुवार देर रात तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरी। गंभीर हालत में उसे पहले निजी अस्पताल और फिर एमवाय हॉस्पिटल पहुंचाया गया। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। छात्रा के गिरने का वीडियो भी सामने आया है।



अमृतसर, पंजाब

### सीजेआई की टिप्पणी के बाद बनी सीजेपी, युवाओं को कॉकरोच कहा था

कॉकरोच जनता पार्टी की शुरुआत चीफ जस्टिस सूर्यकांत की एक टिप्पणी के बाद हुई। 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा था कि कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच की तरह होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या RTI एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करते हैं। इस टिप्पणी के अगले दिन, 16 मई को अमेरिका में रह रहे अभिजीत दीपके ने सीजेपी की शुरुआत की और सोशल मीडिया पर पार्टी के अकाउंट बनाए। 22 मई को उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर एक ऑनलाइन याचिका शुरू की, जिसे 8 लाख से अधिक लोगों का समर्थन मिलने का दावा किया गया। 10 जून तक सीजेपी के इंस्टाग्राम पर 2.27 करोड़ फॉलोअर्स थे। अब इसमें दो लाख की गिरावट आई है। फिर भी यह संख्या भाजपा के 94 लाख और कांग्रेस के 1.37 करोड़ फॉलोअर्स से ज्यादा है। एक्स पर सीजेपी के 2.79 लाख फॉलोअर्स हैं।

### देश के अलग-अलग राज्यों में सीजेपी का प्रदर्शन

देश भर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शनों का दौर जारी है। इसी मामले में हाल ही में सोशल मीडिया से शुरू हुआ संगठन 'कॉकरोच जनता पार्टी' देश के अलग-अलग राज्यों में प्रधान के इस्तीफे के लिए मांग कर रहा है। **06 जून 2026, नई दिल्ली-** प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के लिए सरकार को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया। **11 जून 2026, पुणे-** सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी में डॉ. बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। **13 जून 2026, अमृतसर-** पंजाब के अमृतसर में प्रदर्शन हुआ। **14 जून 2026, हैदराबाद और बेंगलुरु-** दक्षिण भारत में एक ही दिन दो बड़े प्रदर्शन हुए। **15 जून 2026, जयपुर-** गवर्नमेंट हॉस्टल के शहीद स्मारक पर प्रदर्शन हुआ।

### महाराष्ट्र के रहने वाले अभिजीत आप से जुड़े रहे

30 साल के अभिजीत महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट हैं। अभिजीत ने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है। फिलहाल, अमेरिका की बॉस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशंस से मास्टर्स की पढ़ाई कर रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।

सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।